न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पदेन सहायक कलक्टर, करेड़ा जिला–भीलवाड़ा (राज0)

केम्प चिलेश्वर

पीठासीन अधिकारीः–रजनी माधीवाल, आर.ए.एस.

मुकदमा नम्बरः– 255/2017 प्रार्थना पत्र

1. श्री रघुनाथ सिंह पुत्र श्री दुले सिंह राजपुत निवासी चिलेश्वर तह. करेड़ा
2. श्रीमती सूरज कँवर पत्नी श्री रघुनाथ सिंह राजपुत निवासी चिलेश्वर तह. करेड़ा

---प्रार्थीगण

बनाम

1. किरण सिंह पुत्र जालम सिंह राजपुत निवासी चिलेश्वर तह. करेड़ा
2. प्रवीण सिंह पुत्र जालम सिंह राजपुत निवासी चिलेश्वर तह. करेड़ा
3. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार करेड़ा

---विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र बाबत अंतर्गत धारा 251–ए राज.टिनेन्सी एक्ट 1955

उपस्थितः–

1– श्री राजेश तिवाड़ी – अधिवक्ता–प्रार्थी
2– श्री ताराचंद जैन – अधिवक्ता–विपक्षी

:: निर्णय :: दिनांकः– 07.05.2018

प्रकरण में संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 ए रा0का0अधिनियम विरूद्ध विपक्षी पेश किया गया। प्रार्थना पत्र बाद जांच रजिस्टर किया जाकर विपक्षी को उजरदारी पेश करने हेतु न्यायालय द्वारा सम्मन जारी किया गया। सम्मन बाद तामील शामिल मिसल है।

पत्रावली आज राजस्व लोक अदालत शिविर चिलेश्वर पर पेश हुई। तहसीलदार करेड़ा द्वारा प्रस्तुत मौका रिपोर्ट अनुसार प्रार्थीगण अपनी आराजी संख्या 1159 में आने–जाने हेतु विपक्षी संख्या 1 व 2 की आराजी संख्या 111, 1162 व 1160 के दक्षिणी मेड पर बने रास्ते का उपयोग करना बताया जबकि मौके पर कोई रास्ता नहीं होकर वहाँ एक कुँआ व कमरा बना हुआ है। प्रार्थीगणों द्वारा चाहा रास्ता अधिक दूरी का है जबकि अन्य वैकल्पिक मार्ग प्रार्थीगणों की आराजियात की उत्तरी सीमा पर सरकारी रास्ता आ.नं. 110 गै.मु. रास्ता दर्ज रेकार्ड है से कम दुरी का है। पत्रावली के अवलोकन तथा तहसीलदार करेड़ा के मौका रिपोर्ट पर चिंतन एव मनन किया प्रार्थी द्वारा चाहे गये रास्ते से अन्य वैकल्पिक मार्ग छोटा होने से प्रार्थी का प्रार्थनपत्र स्वीकार योग्य नहीं है। अतएव

आदेश

तहसीलदार करेड़ा द्वारा पेश मौका रिपोर्ट अनुसार अन्य वैकल्पिक मार्ग छोटा व उचित होने से प्रार्थी का प्रार्थनापत्र खारिज किया जाता है।

पत्रावली दर्ज रजिस्टर से कम की जाकर फैसल शुमार हो।

निर्णय आज दिनांक 07.05.2018 को विवृत कैम्प स्थल पर सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी पदेन
सहायक कलक्टर करेड़ा

उपखण्ड अधिकारी पदेन सहायक कलक्टर
करेड़ा जिला भीलवाड़ा

Scanned by CamScanner